राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

# मासिक रिपोर्ट – जनवरी 2025

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** 1 नवंबर 2023 से परियोजना का संचालन और रखरखाव प्रारंभ हुआ । परियोजना को 1,45,343 स्मार्ट मीटर के साथ पूर्ण घोषित किया गया और मार्च 2024 में NSGM अनुदान की अंतिम किश्त जारी की गई। JVVNL ने स्मार्ट ग्रिड परियोजना के लिए वितरण सुधार समिति (DRC) की अनुमोदन/सिफारिशें प्रस्तुत की। JVVNL ने भारत सरकार के अंतिम अनुदान का उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया।

2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** सर्वेक्षण के अनुसार नियत सभी स्मार्ट मीटर (24,214) क्षेत्र में स्थापित किए गए। पूर्व-स्थापित मीटरों का संचालन और रखरखाव 1 जुलाई 2023 से शुरू हुआ । शेष 61 स्मार्ट फीडर मीटर चंडीगढ़ में प्राप्त हुए, जिनमें से 22 स्मार्ट फीडर मीटर स्थापित किए गए हैं और शेष फीडर मीटर स्थापना कार्य प्रगति पर हैं।

सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://www.nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखी जा सकती है।

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 9 जनवरी 2025 को निदेशक NPMU/EGSM ने CBIP, नई दिल्ली में आयोजित CBIP के 'विद्युत ऊर्जा मीटर मैनुअल' के संशोधन के लिए गठित विशेषज्ञ समूह की पहली बैठक में भाग लिया।

2. 17 जनवरी 2025 को निदेशक NPMU/EGSM ने होटल ली मेरिडियन, नई दिल्ली में SAREP द्वारा आयोजित "पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (PuVVNL) में मांग प्रतिक्रिया कार्यान्वयन" पर एक परामर्श कार्यशाला में भाग लिया।

3. 24 जनवरी 2025 को निदेशक NPMU/EGSM ने 'नोडल एजेंसी के दृष्टिकोण से सुचारू और निर्बाध स्मार्ट मीटरिंग कार्यान्वयन के लिए परिचालन मुद्दों और बाधाओं को दूर करने की रणनीति" विषय पर USAID द्वारा अयोजित वेबिनार के दौरान 'दक्षिण एशिया में स्मार्ट मीटरिंग रोल-आउट में तेजी लाने' के विषय पर वक्ता के रूप में भाग लिया।

4. 30 जनवरी 2025 को निदेशक NPMU ने FICCI, नई दिल्ली में 'भारत ऊर्जा संक्रमण शिखर सम्मेलन' के दौरान आयोजित "ऊर्जा सुरक्षा और RE एकीकरण में पारंपरिक ऊर्जा की भूमिका और ट्रांसमिशन वृद्धि की आवश्यकता" सत्र में एक पैनलिस्ट के रूप में भाग लिया।

5. 31 जनवरी 2025 को NPMU टीम ने ईरोस होटल, नई दिल्ली में AEEE के 'फोरम ऑन एनर्जी एफिशिएंसी एंड डीकार्बोनाइजेशन' (FEED) सम्मेलन में भाग लिया। निदेशक NPMU/EGSM ने "भारतीय पावर प्ले: डिमांड फ्लेक्सिबिलिटी एग्रीगेटर्स द्वारा ग्रिड पुनर्विरेचन" विषय पर एक पैनल चर्चा में भाग लिया ।

6. जनवरी 2025 तक, विभिन्न स्थानों पर 2.08 करोड़ से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए (नोडल एजेंसियों / PFC और REC से 'EGSM' द्वारा एकत्रित और NSGM वेबसाइट पर विकसित और अनुरक्षित डैशबोर्ड पर होस्ट किए गए आंकड़ों के अनुसार)। अधिक जानकारी https://www.nsgm.gov.in/en/state-wise-map, https://www.nsgm.gov.in/en/sm-stats-all से प्राप्त की जा सकती है।

**sd/-**

**निदेशक, NPMU (प्रभारी)**
**dir.npmu.nsgm@gov.in**